प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – जीएसटी दरों में कटौती से रोजगार और निवेश के नये अवसर पैदा होंगे।

02. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने कांग्रेस और राजद समेत विपक्षी दलों पर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया।

03. राज्य की अर्थव्यवस्था में पहली बार उद्योग क्षेत्र का योगदान कृषि से अधिक हुआ। एनएसओ की रिपोर्ट के अनुसार बिहार देश की दूसरी सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था।

04. और, मौसम विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वस्तु और सेवा कर –जीएसटी को तर्कसंगत बनाने को आजादी के बाद का सबसे बड़ा सुधार बताया है। आज मणिपुर के इंफाल में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जीएसटी सुधारों से उपभोग और निवेश बढ़ेगा तथा रोजागार के नये अवसर पैदा होंगे।

–––बाइट–––

---

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिवाली तक जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की थी। आज, हम कर–मुक्त वस्तुओं के लिए सुधारों पर एक नज़र डालते हैं। एक रिपोर्ट..

–––रिपोर्ट–––

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत, सरकार ने कई आवश्यक वस्तुओं को जीएसटी से मुक्त कर दिया है। नए ढांचे के तहत, सब्ज़ियाँ, फल, मेवे और जूस जैसी वस्तुओं पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। वहीं, नमकीन, भुजिया और मिक्सचर पर भी 12 प्रतिशत की जीएसटी की दर से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इसके अलावा, कैंडी, टॉफ़ी, जेली जैसी वस्तुओं पर भी जीएसटी की दर 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। एक किराना दुकानदार सुरेश ने बताया कि सरकार ने आगामी त्योहारी सीज़न से पहले लोगों को बड़ी राहत दी है। पहले 18 परसेंट जीएसटी था उसको आज12 परसेंट कर दिये है। पांच परसेंट था जो जीएसटी उसको जीरो कर दिये है। आज तेल, साबुन, पेस्ट, घी, तेल सभी का फाइव परसेंट कर दिया। ये सैंट्रल गर्वमेंट का बहुत बड़ा चमत्कार है। जीएसटी दरों में कटौती से दैनिक आवश्यक वस्तुओं की खुदरा कीमतें कम होंगी जिनसे इनकी खपत और मांग भी बढ़ेगी। इसके अलावा लगभग सभी खाद्य उत्पादों की कम कीमतों से जीवनयापन में भी आसानी होगी। देश भर के लोग जीएसटी में हुए

इस बदलाव का स्वागत कर रहे हैं, क्योंकि जीएसटी में कमी से परिवारों पर आर्थिक दबाव कम होने की संभावना है। नई कर दरें इस महीने की 22 तारीख से लागू होंगी। नितिका गुप्ता, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

बिहार की अर्थव्यवस्था में पहली बार उद्योग क्षेत्र का योगदान कृषि क्षेत्र से अधिक हो गया है। एक रिपोर्ट..

–––रिपोर्ट–––

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, एनएसओ की रिपोर्ट के अनुसार राज्य की अर्थव्यवस्था में उद्योग का योगदान बढ़कर तेईस दशमलव पांच–सात प्रतिशत हो गया है। वहीं, कृषि क्षेत्र का योगदान बाईस दशमलव तीन–सात प्रतिशत है। रिपोर्ट के अनुसार बिहार की अर्थव्यवस्था देश में दूसरी सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हो गयी है। साथ ही राज्य की विकास दर राष्ट्रीय औसत से भी अधिक है। बिहार में प्रति व्यक्ति आय में भी लगभग आठ हजार रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। समाचार कक्ष से पीयूष कुमार।

---

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने कांग्रेस और राजद समेत विपक्षी दलों पर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया है। आज पटना में पार्टी के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री की दिवंगत मां के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल हुआ, वह विपक्षी पार्टियों की मानसिकता को दिखाता है।

–––बाइट–––

श्री नड्डा ने कहा कि पिछले बीस वर्षों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों के कारण बिहार में काफी बदलाव हुआ है।

–––बाइट–––

श्री नड्डा ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी की कोर कमिटी के साथ बैठक की। साथ ही उन्होंने विधानसभा चुनाव की रणनीति और अन्य मुद्दों पर कार्यकर्ताओं के साथ संवाद भी किया।

---

भाजपा ने बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए मोदी मित्र डिजिटल योद्धा अभियान की शुरूआत की है। आज पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में पार्टी के आईटी सेल के प्रभारी अमित मालवीय ने अभियान की शुरूआत की। श्री मालवीय ने कहा कि अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता बिहार के बीस वर्षों की विकास गाथा को डिजिटल माध्यम से घर–घर तक पहुंचायेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि

यह अभियान आम लोगों के साथ पार्टी के रिश्ते को और मजबूत करेगा। कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री बी.एल. संतोष समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर सत्रह सितम्बर से दो अक्टूबर तक सेवा पर्व मनाया जाएगा। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बताया कि इस दौरान पूरे राज्य में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलेगा। जल चौपाल और स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जायेंगे। साथ ही स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभागों को इस संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश जारी कर दिये गए हैं।

---

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि सरकार की नीतियों से आम लोग परेशान हैं। आज मधुबनी जिले के श्रीपुरहाटी में महिला संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महंगाई अपने चरम पर है। किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध नहीं हो रहा है। श्री यादव ने राज्य सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंद्रह सितम्बर को अपने पूर्णिया दौरे के क्रम में पीएम आवास योजना, ग्रामीण के पैंतीस हजार लाभार्थियों का गृह प्रवेश करायेंगे। श्री मोदी योजना की लाभुकों को सांकेतिक रूप से घर की चाभी भी सौपेंगे। इधर, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि पंद्रह सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा ऐतिहासिक होगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री बिहार को कई सौगात देंगे।

———बाइट———

---

नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने नवनियुक्त अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की सिफ़ारिश पर संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा को भंग कर दिया है। उन्होंने अगले साल पांच मार्च को संसदीय चुनावों की घोषणा की है। पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की ने कल रात अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। इसी के साथ सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री बन गई हैं।

पूर्वी चंपारण जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के सरिसवां गांव में पुलिस ने एक घर में छापेमारी कर हथियारों का जखीरा बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि छापेमारी में पांच देशी पिस्तौल, एक कार्रबाईन, एक सिक्सर और दो राईफल बरामद की गयी है। उन्होंने बताया कि मौके से पांच गाड़ियों को जब्त किया गया, जिसका मूल्य दो करोड़ रुपये से अधिक है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गृह स्वामी कमरूद्दीन को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

---

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ प्रकार के आपराधिक मामलों का निपटारा हुआ। मुख्य रूप से बैंक ऋण, बिजली वाद, वाहन दुर्घटना बीमा और श्रमवाद जैसे मामले आपसी सहमति के आधार पर निष्पादित किये गए।

---

बिहार लोक सेवा आयोग की इकहत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा आज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गयी। परीक्षा का आयोजन सैंतीस जिलों के नौ सौ बारह केंद्रों पर हुआ था। इधर, आयोग ने कहा है कि कुछ केंद्रों पर तकनीकी खामी के चलते बायोमीट्रिक उपस्थिति का कार्य सुचारू रूप से संपन्न नहीं हो सका। आयोग ने कहा कि इसे लेकर अभ्यर्थियों को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि उनकी भौतिक उपस्थिति प्रवेश पत्र पर अंकित की जा चुकी है।

---

प्रदेश में मानसून के प्रभाव से बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिमी चंपारण जिले के सिकटा में सबसे अधिक छियासठ दशमवल आठ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———बाइट———

---

मधुबनी जिले के जयगनर रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद परिसर की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। एसएसबी की मदद से सघन सर्च अभियान चलाया गया। हालांकि इस दौरान कोई विस्फोटक बरामद नहीं हुआ।

---

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने राज्य स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता की तिथि में परिवर्तन किया है। पहले यह प्रतियोगिता अठारह, बीस, और इक्कीस सितम्बर को होनी थी। प्राधिकरण ने कहा है कि विद्यालय परीक्षाओं की तिथि को देखते हुए अब इसका आयोजन सत्ताईस, अट्ठाईस और उनतीस सितम्बर को किया जाएगा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – जीएसटी दरों में कटौती से रोजगार और निवेश के नये अवसर पैदा होंगे।

02. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने कांग्रेस और राजद समेत विपक्षी दलों पर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया।

03. राज्य की अर्थव्यवस्था में पहली बार उद्योग क्षेत्र का योगदान कृषि से अधिक हुआ। एनएसओ की रिपोर्ट के अनुसार बिहार देश की दूसरी सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था।

04. और, मौसम विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।